भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3526

सोमवार, 08 अगस्त, 2022/17 श्रावण, 1944 (शक)

कर्मचारी भविष्य निधि का शेयर बाजार में निवेश

3526. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री रवि किशन:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री बिद्‌युत बरन महतो:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री मनोज तिवारी:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री सुब्रत पाठक:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपनी वार्षिक जमा राशि के एक हिस्से को शेयर बाजार और इससे संबंधित उत्पादों में निवेश करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में से प्रत्येक वर्ष के दौरान ईपीएफओ द्‌वारा शेयर बाजार और इससे संबंधित उत्पादों में निवेश की गई कुल राशि कितनी है;

(ग) उक्त निवेश में अब तक कुल कितना लाभ/हानि हुई है;

(घ) क्या सरकार ने अस्थिर शेयर बाजार, जहां निवेश की वापसी की कोई गारंटी नहीं है, के कारण पेंशनभोगियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त सावधानी बरती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(ङ) सरकार द्‌वारा शेयर बाजार और इससे संबंधित उत्पादों में निवेश सीमा बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): सरकार द्‌वारा अधिसूचित निवेश पैटर्न के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) निधि का 85 प्रतिशत ऋण लिखतों में निवेश करता है और 15 प्रतिशत निवेश एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में किया जाता है। ईटीएफ में निवेश निफ्टी 50, सेंसेक्स, सेंट्रल पब्लिक सेक्टर

एंटरप्राइजेज (सीपीएसई) और भारत 22 सूचकांकों के आधार पर किया जाता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए इक्विटी निवेश का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	ईटीएफ में निवेश की गई राशि	निवेश की गई कुल राशि (ऋण एवं इक्विटी)
2019-20	31,501.09	2,20,236.47
2020-21	32,070.84	2,18,533.89
2021-22	43,568.02	2,89,930.79
2022-23 जून, 2022 तक	12,199.26	84,477.67

(ग): 31.03.2022 तक ईटीएफ में निवेश का लागत मूल्य और 31.03.2022 को कल्पित (नोशनल) बाजार मूल्य [निवत परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) के अनुसार] का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)	
31.03.2022 की स्थिति के अनुसार ईटीएफ में निवेश की गई राशि का लागत मूल्य	**31.03.2022 की स्थिति के अनुसार** कल्पित (नोशनल) बाजार मूल्य
1,59,299.46	2,26,919.18

(घ): जी, हां। निवेशकों के हितों को सुरक्षित करने के उचित उपाय किए गए हैं जिनका विवरण निम्नानुसार है:

1. सभी निवेश सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश पद्धति के अनुसार किए जाते हैं।

2. निवेश दिशा-निर्देश केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), ईपीएफओ के त्रिपक्षीय शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं।

3. ऐसे उद्देश्य के लिए सीबीटी, ईपीएफओ द्वारा नियुक्त पोर्टफोलियो प्रबंधकों और ईटीएफ निर्माताओं के माध्यम से निवेश किया जाता है।

4. ईपीएफओ के वित्तीय परामर्शक यानी मेसर्स क्रिसिल और बाहरी समवर्ती लेखा-परीक्षक पोर्टफोलियो प्रबंधकों और ईटीएफ निर्माताओं द्वारा किए गए सभी निवेशों की निगरानी करते हैं, ताकि यह पुष्टि हो सके कि वे सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश के पैटर्न और सीबीटी, ईपीएफओ द्वारा समय-समय पर अनुमोदित निवेश दिशा-निर्देशों के अनुसार हैं।

5. सीबीटी ने सभी लिखतों का लेखा और रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए प्रतिभूतियों के लिए एक अभिरक्षक नियुक्त किया है।

6. सीबीटी और इसकी उप-समिति समय-समय पर निवेश संबंधी सभी पहलुओं की निगरानी करती है।

(ङ): ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

*****